Ans. (b) : एल्बर्ट म्यूजियम की स्थापना जयपुर के शासक सवाई रामसिंह II ने करवाया है। इसका नाम किंग एडवर्ड सप्तम् (अल्बर्ट एडबर्ड) के नाम पर रखा गया है। प्रिंस ऑफ वेल्स को जयपुर शहर की यात्रा के दौरान 6 फरवरी, 1876ई. को इस म्यूजियम की आधारशिला रखीं

1125. निम्नलिखित में से कौन-सा (पर्यटन स्थल-जिला) सुमेलित नहीं है?

(a) फूल सागर-बूंदी
(b) पाण्डुपोल-अलवर
(c) किराडू मन्दिर-झालावाड़
(d) चन्द्रमहल-जयपुर

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (c) : सही सुमेलन हैः-

फूल सागर	-	बूंदी
पाण्डुपोल	-	अलवर
किराडू मंदिर	-	बाड़मेर
चंद्रमहल	-	जयपुर

1126. 'हवा महल' का निर्माण किसने करवाया था?

(a) सवाई जयसिंह (b) सवाई प्रतापसिंह
(c) राजा उदयभान (d) राजा मानसिंह

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – हवा महल का निर्माण महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने 1799 ई. में करवाया था। यह जयपुर में स्थित है। इसका डिज़ाइन लाल चन्द्र उस्ताद ने तैयार किया था। इस पांच मंजिला इमारत में 152 झरोखे हैं जिनमें अलंकृत और जटिल जालियाँ बनाई गई हैं।
(1) पहली मंजिल - शरद/प्रताप मंदिर
(2) दूसरी मंजिल - रत्न मंदिर
(3) तीसरी मंजिल - विचित्र मंदिर
(4) चौथी मंजिल - प्रकाश/सूर्य मंदिर
(5) पांचवी मंजिल - हवा मंदिर

1127. हवा महल का वास्तुकार कौन था?

(a) मांगीलाल (b) जैता
(c) लालचन्द (d) मनोहर

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1128. हवामहल की पहली मंजिल का नाम क्या है?

(a) रत्न मंदिर (b) प्रकाश मंदिर
(c) हवा मंदिर (d) प्रताप मंदिर

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (d) उपयुक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1129. विनायका, हथियागौड़ एवं कोल्वी की प्रसिद्ध बुद्ध गुफाएँ किस जिले के अन्तर्गत स्थित हैं जो कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है-

(a) बाराँ (b) झालावाड़
(c) बून्दी (d) कोटा

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (b) – विनायका, हथियागौड़ एवं कोल्वी की प्रसिद्ध बुद्ध गुफाएँ झालावाड़ जिले में स्थित है। झालावाड़ और आस पास के इलाके में बौद्ध सभ्यता का काफी विस्तार हुआ था। ये बिहार 5वीं से 7वीं शताब्दी के अहम निर्दिष्ट माने जाते है। कोल्वी गुफा को राजस्थान की एलोरा की गुफा भी कहते हैं, यह गुफा कठोर चट्टान पर निर्मित गुफा है।

1130. प्रसिद्ध स्मारक सुनहरी कोठी स्थित है-

(a) जयपुर (b) अजमेर
(c) टोंक (d) बून्दी

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (c) – सुनहरी कोठी राजस्थान के टोंक जिले में स्थित है। इसका निर्माण सन 1824 ई. में नवाब वजीउद्दौला द्वारा कराया गया यह शीश महल के नाम से प्रसिद्ध है। इस हवेली में फूल काँच के रत्न जड़ित सोने की बेलबूटियाँ, मीनाकारी व पच्चीकारी का काम देखते ही बनता है। इसकी दूसरी मंजिल नवाब मोहम्मद इब्राहिम अली खाँ द्वारा बनवाई गयी है।

1131. निम्न में से असत्य तथ्य को पहचानियेः

	A		B
(a)	मूसी महारानी की छतरी	-	अलवर
(b)	गोपालसिंह की छतरी	-	करौली
(c)	रामगोपाल पोद्दार की छतरी	-	रामगढ़
(d)	रामगोपाल पालीवाल की छतरी	-	बीकानेर

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

छतरी	स्थान
मूसी महारानी की छतरी	अलवर
गोपाल सिंह की छतरी	करौली
रामगोपाल पोद्दार की छतरी	सीकर
रामगोपाल पालीवाल की छतरी	बीकानेर

1132. राजस्थान में 12वाँ ज्योतिर्लिंग कहाँ पर स्थित है?

(a) पुष्कर (b) शिवाड
(c) श्री कोलायत (d) आमेर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (b) : घुमेश्वर महादेव मंदिर, शिवाड़, (सवाई माधोपुर जिले) में स्थित है। यह राजस्थान में 12वाँ ज्योतिर्लिंग माना जाता है। यहाँ पर महाशिवरात्रि पर प्रतिवर्ष मेला लगता है। यह मंदिर विध्यांचल पर्वत श्रृंखला के अंचल में अवस्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक अतीत के वैभव से परिपूर्ण घुमेश्वर महादेव मंदिर शिवाड़ ग्राम में है।

1133. सूची- I (पर्यटन केन्द्र) को सूची- II (जिला) से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए